भगवान महावीर कैंसर चिकित्सालय द्वारा ‘कैंसर जाँच आपके द्वार’ अभियान की हुई शुरुआत

चर्चा में क्यों?

3 फरवरी, 2023 को राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने बताया कि प्रदेश के जयपुर में स्थित भगवान महावीर कैंसर चिकित्सालय द्वारा ‘कैंसर जाँच आपके द्वार’ अभियान की शुरुआत की गई है।

प्रमुख बिंदु

- राज्यपाल कलराज मिश्र ने बताया कि भगवान महावीर कैंसर चिकित्सालय के ट्रस्टी, चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ ने विशेष बस तैयार कर प्रदेश के गाँव-गाँव तक पहुँचकर कैंसर जागरूकता और जाँच के लिये यह पहल की है।
- कलराज मिश्र ने बताया कि गाँव में रहने वाले लोगों को इलाज और जाँच के लिये शहर आने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस दृष्टि से ग्रामीण क्षेत्रों के लिये यह अभियान निश्चित तौर पर महत्त्वपूर्ण साबित होगा।
- भगवान महावीर अस्पताल के अध्यक्ष नवरतन कोठारी और उपाध्यक्ष अनिला कोठारी ने ‘कैंसर जाँच आपके द्वार’अभियान की पहल के बारे में बताया कि भविष्य में जाँच सुविधाओं और ग्रामीण क्षेत्र के लिये बसों का और विस्तार किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि चिकित्सालय द्वारा प्रारंभ किये गए विशेष बस में मेमोग्राफी, एक्सरे मशीन और ब्लड जाँच उपकरण के साथ चिकित्सक और नर्सिंग स्टाफ की भी व्यवस्था की गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bhagwan-mahavir-cancer-hospital-launches-cancer-janch-aapke-dwar-campaign